दैनिक पंचांग

4 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मकर में	कुंभ	07.13 बजे से
चंद्र	सिंह में	मीन	08.45 बजे से
मंगल	मकर में	मेष	10.16 बजे से
बुध	कुंभ में	वृष	11.56 बजे से
गुरु	मिथुन में	मिथुन	13.54 बजे से
शुक्र	मकर में	कर्क	16.08 बजे से
शनि	मीन में	सिंह	18.24 बजे से
राहु	कुंभ में	कन्या	20.36 बजे से
केतु	सिंह में	तुला	22.46 बजे से
राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक		वृश्चिक	01.01 बजे से
		धनु	03.17 बजे से
		मकर	05.22 बजे से

बुधवार 2026 वर्ष का 35 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 00.10 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 22.13 बजे को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 01.05 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 12.20 बजे तदनन्तर विष्टि 00.10 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 16° 17' **सूर्य** उत्तरायण **कलि अहर्गण** 1872610 **जूलियन दिन** 2461075.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सावान **तारीख** 15 **विशेष** विश्व कैंसर दिवस।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

नील ग्रगन के नक्षत्र

2	3	9	0
480	229	225	226
589	238	469	479
679	580	559	569

दिन-188-378
मधुर डे-189-129 मधुर नाइट-
मिलन डे-170-124 मिलन नाइट-

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल.....

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमे तिथी तीज, बुधवार, पू. फाल्गुनी नक्षत्रे, अद्य योगे, वलकरणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 17/10 शुक्रवाल्यान वृति 24/32 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, शिक्षक, शिक्षाविद, शिक्षा शास्त्री तथा लेक्चरार, प्रोफेसर, उत्तम शासक प्रशासक, तथा कर्म कांडी, विद्वान, तथा उत्तम वक्ता तथा उत्तम कीर्ति वाला एवं राज्य प्रिय तथा राष्ट्रप्रिय धनी होवेगा।

मेष राशि : कुटुम्ब में तनाव-क्लेश व अशांति, व्यर्थ धन का व्यय, पीड़ा, हानि हो।

वृष राशि : इष्ट मित्रों से सुख, अधिकारियों से मेल-मिलाप तथा स्थिति लाभप्रद बनी ही रहेगी।

मिथुन राशि : कार्य-व्यवस्था अनुकूल हो, सफलता के साधन जुटायें तथा कार्य अवश्य बने।

कर्क राशि : मनोवृत्ति सुन्दर बनाये रखें, तनाव-क्लेश व हानि संभावित होगी ध्यान रखें।

सिंह राशि : समय नष्ट न करें, व्यवसाय गति मंद हो, असमंजस की स्थिति बनी ही रहेगी।

कन्या राशि : आर्थिक योजना सफल हो, व्यवसायिक क्षमता अवश्य बनेगी, कार्य का ध्यान रखें।

तुला राशि : धन का व्यय, व्यर्थ परिश्रम से हानि, मानसिक-उद्विग्नता से बच कर चलें।

वृश्चिक राशि : स्त्री के कार्य से क्लेश व हानि, विघटनकारी तत्व आपको परेशान अवश्य करेंगे।

धनु राशि : कुटुम्ब की समस्या सुलझें, धन का व्यय होगा, व्यर्थ भ्रमण से बचें।

मकर राशि : अर्थव्यवस्था छिन्न-भिन्न होवे, कार्य-व्यवसाय गति मंद होगी, ध्यान दें।

कुंभ राशि : दैनिक कार्य गति में सुधार, चिन्ताएं कम होंगी, सफलता मिलेगी, ध्यान दें।

मीन राशि : मनोबल उत्साहवर्धक हो, कार्यगति अनुकूल अवश्य ही बनेगी।

बुधवार को करें ये 5 आसान उपाय, विघ्नहर्ता दूर करेंगे सारे दुख और धन लाभ के बनेंगे योग !

हिंदू धर्म में बुधवार का दिन भगवान गणेश को समर्पित माना जाता है। इस दिन उनकी विशेष पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को शुभ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही, ज्योतिष शास्त्र में बुधवार के कुछ उपाय बताए गए हैं जिन्हें करना फलदायी हो सकता है। ऐसे में आइए विस्तार से जानें बुधवार के 5 आसान उपाय..

हिंदू धर्म में सप्ताह का हर दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित माना जाता है। इनमें से बुधवार का दिन गणपति बप्पा को समर्पित होता है। ऐसे में इस दिन भक्त भगवान गणेश की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं और कुछ लोग हर बुधवार को व्रत भी रखते हैं, जिससे अत्यंत शुभ फल की प्राप्ति हो सकती है। इस दिन गणेश भगवान की पूजा करने के साथ-साथ अगर आप कुछ उपाय भी कर लिए जाएं, तो इससे जीवन के दुखों से निजात मिल सकती है और धन लाभ के योग भी बन सकते हैं। आइए विस्तार से जानें बुधवार के कुछ आसान उपायों के बारे में

हरी वस्तुओं का दान करना होगा लाभकारी : बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने के साथ-साथ आप किन्नरों को हरे रंग की वस्तुओं का भी दान कर सकते हैं। इस दिन हरी चूड़ियां और हरे रंग के वस्त्र आदि किन्नरों को दान करना बहुत फलदायी माना जाता है। ऐसा करने से जातक के जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है और भगवान गणेश की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती है। बुधवार को यह उपाय करने से व्यक्ति के कार्यों में आ रही रुकावटें दूर हो सकती हैं।

गं गणपतये नमः मंत्र का जाप करें : भगवान गणेश की कृपा प्राप्त करने के लिए आप बुधवार के दिन सुबह जल्दी स्नान करने के बाद 108 बार ऊं गं गणपतये नमः मंत्र का जाप कर सकते हैं। श्रद्धा पूर्वक इस मंत्र का जाप करना बहुत फलदायी माना जाता है। ऐसा करने से भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति को जीवन के दुखों से निजात मिल सकती है। साथ ही, नियमित रूप से हर बुधवार को इस मंत्र का विधि-पूर्वक जाप करने से जातक को जीवन में सफलता हासिल हो सकती है।

पर्स में रखें यह एक खास चीज : अपनी कुंडली में बुध को मजबूत बनाए रखने के लिए आप जेब में कांच की गोलियां रख सकते हैं। इस उपाय को बुधवार के दिन करने से व्यक्ति के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे बिजनेस करने वालों को लाभ हो सकता है और बुद्धि के लिए भी यह अच्छा होता है। पर्स, तिजोरी या धन रखने वाली जगह पर कांच की गोलियां रखने से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और धन लाभ के योग बन सकते हैं।

गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ करें : बुधवार के दिन गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ करना बहुत शुभ माना जाता है। नियमित रूप से हर बुधवार को इसका पाठ करने से अमंगल का नाश होता है और जीवन से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ करने से जरूरी कार्यों में आ रही रुकावटें दूर हो सकती हैं और जीवन में कामयाबी मिलती है। यह अशुभ ग्रहों के प्रभाव को भी कम करता है और जीवन में स्थिरता बनाए रखता है।

दूर्वा की माला बनाकर चढ़ाएं : बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा के दौरान उन्हें दूर्वा से माला बनाकर पहनानी चाहिए। इस उपाय को करना बहुत लाभकारी हो सकता है। अगर दूर्वा की माला न बना पाएं, तो कम से कम 11 दूर्वा को विघ्नहर्ता के चरणों में अर्पित करते हुए ? गं गणपतये नमः मंत्र का जाप करें। ऐसा हर बुधवार के दिन करने से जीवन में खुशहाली आती है और तरक्की के अन्य रास्ते खुलने लगते हैं।

गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश 7000098868 9425188009

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत किसानों के कल्याण के लिए कार्ययोजना बनाकर मिशन मोड में करे कार्य : कलेक्टर

बड़वानी। सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया हैं। जिसके अंतर्गत समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषकों की आय वृद्धि एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाये ताकि कृषकों के जीवन में खुशहाली आ सके। उक्त बातें कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने जिले के विकास कार्यों एवं महत्वपूर्ण अभियानों की विस्तृत समीक्षा के दौरान कही।

बैठक में कई विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए रू-

जिले के उन्नतशील कृषकों से चर्चा कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने एवं तिलहनी फसलों एवं मूंगफली फसल के उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई। इस संवाद में कृषकों ने अपनी कृषि पद्धति और मार्केटिंग एवं अन्य समस्याओं को भी रखा। कलेक्टर ने उक्त के संबंध में उप संचालक कृषि को कार्ययोजना बनाकर इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग को फार्मर आईडी के पंजीयन के संबंध में अगले 185 दिवस में कृषि अमले द्वारा कार्य कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। कृषि संगोष्ठी के माध्यम से गतिविधियां संचालित कर कृषकों को जागरूक करे।

रोजगार संगी पोर्टल में पंजीयन के संबंध में लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश जिला रोजगार अधिकारी को दिए।

जिला पंचायत सीईओ को बैठक में पंचायतों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, सिकलसेल पेंशन, विधवा पेंशन की पेडेंसी को कर कर प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए।

संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में 78062 आवेदन इस अभियान अंतर्गत दर्ज हुए हैं, जिन्हें निरंतर निराकृत किया जा रहा है। जिसमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंति छोर पर खड़े व्यक्ति को प्राप्त हो रहा हैं।

स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को टीबी स्क्रीनिंग के लिए चिन्हांकित किए गए

अत्याधिक प्रभावित 60 ग्रामों में कान्टेक्ट ट्रेसिंग कर पीड़ितों को समुचित लाभ देने के लिए निर्देशित किया। साथ ही एएनसी पंजीयन को बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने में वृद्धि और बाल वैभव की सुविधा पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए।

क्रियाशील पंचायत, स्कूल भवन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, सड़क सुरक्षा, सीएम हैल्प लाईन में गुणवत्तापूर्ण निराकरण आदि के संबंध में भी निर्देश दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत काजल जावला, संयुक्त कलेक्टर रवि वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बिना हेलमेट कलेक्टोरेट में नहीं मिलेगी इंट्री

बड़वानी। कलेक्टर श्रीमति जयतिसिंह ने कलेक्टर कार्यालय के परिसर में बिना हेलमेट के प्रवेश प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर कार्यालय भवन के परिसर में आने वाले समस्त दो पहिया वाहन चालक अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आम जनता से यह अपेक्षा की है कि वे मध्यप्रदेश मोटरयान अधिनियम 2019 के नियमों का पूर्णतः पालन करते हुए कलेक्टोरेट परिसर में हेलमेट पहनकर ही प्रवेश करेंगे। बिना हेलमेट के किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आम जनता का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

जल सुनवाई शिविर का किया आयोजन

बड़वानी। स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत जिले के वार्ड क्रं. 3 में मंगलवार को नगर पालिका परिषद द्वारा जल सुनवाई शिविर आयोजित किए गए। जिसमें जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य अमृत मित्र महिलाओं द्वारा किया गया। साथ ही जल प्रदाय से संबंधित शिकायतों को भी दर्ज कर निराकृत किया गया।

शिविर में 28 घरों के जल नमूनों की जांच फिल्ड टेस्ट कीट के माध्यम से की गई। साथ ही एक जल प्रदाय के अंतर्गत लीकेज की समस्या का आवेदन भी प्राप्त हुआ। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, सहायक यंत्री पुष्पराज अजनारे, उपयंत्री मुन्नालाल चौहान सहित नगर पालिका की टीम उपस्थित थी।

नशे के लिए ड्रग सप्लाई करने वाले आरोपी को 10 वर्ष की कैद तथा जुर्माना

बड़वानी। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) रईस खान ने पारित अपने फैसले में अवैध रूप से नशे का सेवन करने वालों को अल्प्राजोलम टेबलेट सप्लाई करने वाले आरोपी विक्की पिता दीपक परमार निवासी चारण मोहल्ला सेंधवा को 10 वर्ष की कठोर कारावास और 1 लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि अभियुक्त अल्प्राजोलम टेबलेट, अवैध रूप से ड्रग सेवन करने वालों को बायपास तिराहा सेंधवा में किसी पार्टी को सप्लाई करने वाला है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर उप निरीक्षक पंचान और स्टॉफके साथ घटना स्थल पर रात्रि 3.55 बजे पहुंचकर अभियुक्त की प्रतीक्षा की, इसके बाद मुखबिर के बताए हुलिये का एक व्यक्ति मिला, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। नाम पता पुछने पर विक्की बताया। उसके कंधे पर टंगी एक प्लास्टिक की थैली की तलाशी लेने पर उसमें अल्प्राजोलम टेबलेट की 240 स्ट्रीप जिसमें प्रत्येक स्ट्रीप में 15-15 टेबलेट अर्थात कुल 3600 अल्प्राजोलम टेबलेट पाई गई। जिसके सम्बंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। मौका कार्रवाई के बाद नारकोटिक्स सेल इंदौर द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध धारा 8/22 स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी प्रदार्थ अधिनियम 1995 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार के बाद विवेचना कर विशेष न्यायाधीश के समक्ष चालान पेश किया।

न्यायालय ने नशे के कारोबार को देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाला माना

न्यायाधीश ने अभियोजन का प्रकरण सिद्ध मानते हुए आरोपी विक्की को 10 वर्ष कठौर कारावास तथा 1 लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अपने फैसले में न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ की बढ़ती बिक्री और उसका समाज में प्रतिकुल प्रभाव को गंभीर मानते हुए इस तरह के नशे के कारोबार से देश के नवयुवकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाला मानते हुए अभियुक्त को कठौरतम सजा की कार्रवाई किए जाने का अभिवचन किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक शिवपाल सिंह सिसोदिया ने की।

कार्यालय नगर परिषद ठीकरी, जिला बडवानी (म.प्र.)

ई-मेल cmotheckri@mpurban.gov.in. **Ph. No.** 07284-299029

क्रमांक / 316 **राजस्व/ 2026** **ठीकरी, दिनांक 01/02/2026**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तालिका में उल्लेखित आवेदको द्वारा निकाय की संपत्तिकर मांग पंजी में भवन / भूमि दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
जिनका विवरण इस प्रकार से है:-

क्र.	वार्ड क्रं./दर्ज की जाने वाले भवन/भूमि का पता	निकाय की सम्पत्तिकर मांग पंजी में भवन/दर्ज कराने वाले आवेदक का नाम एवं पत	अभिलेखों का विवरण निम्न आधार पर निकाय की सम्पत्तिकर मांग पंजी में दर्ज किया जाना है।	रिमार्क
1	वार्ड क. 03 ठीकरी सर्वे नं. 131/3/132/3	श्रीमती रीता पति हेमंत जायसवाल ठीकरी तह ठीकरी जिला बडवानी	बिक्री विलेख एवं डायवर्सन कापी	
2	वार्ड क. 03 ठीकरी सर्वे नं. 131/3/132/3	श्री आशिष पिता हरीओम जायसवाल निवासी ठीकरी तह ठीकरी जिला बडवानी	बिक्री विलेख एवं डायवर्सन काफी	
3	वार्ड क. 03 ठीकरी सर्वे नं. 131/3/132/3	श्री आशिष पिता हरीओम जायसवाल निवासी ठीकरी तह ठीकरी जिला बडवानी	बिक्री विलेख एवं डायवर्सन कापी	
4	वार्ड क. 03 प्रेमनगर कालोनी ठीकरी सर्वे न. 135/2/1/1/1/1/1/1/1/1	श्रीमती ममता पति प्रिय पर्वत कुमार चंदन निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख एवं डायवर्सन कापी	
5	वार्ड क्र. 04 नागर कालोनी ठीकरी सर्वे न 90/4	श्रीमती निता पति एडवंड स्टीफन निवासी ठीकरी तह ठीकरी जिला बडवानी	बिक्री विलेख एवं डायवर्सन कापी	
6	वार्ड क्रमांक 04 दवाना रोड ठीकरी सर्वे नं. 46/3/1/2	श्री रमेश पिता ओंकारलाल पाटीदार निवासी निठकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख एवं डायवर्सन कापी	
7	वार्ड क्रमांक. 03 मोती नगर ठीकरी सर्वे नं. 67/2/1	श्रीमती पुष्पलता पति मुकतीनाथ पाठक निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख एवं डायवर्सन कापी	
8	वार्ड क्रमांक 04 दीनदयाल कालोनी ठीकरी सर्वे नं. 79/3	श्रीमती रेखा पति गणेश वर्मा निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख एवं डायवर्सन कापी	
9	वार्ड क्रं.02 दवाना रोड ठीकरी सर्वे नं. 47/5	श्री रमेश पिता ओंकारलाल पाटीदार निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख एवं डायवर्सन कापी	
10	वार्ड क्रं. 11 ग्रीन वेली कालोनी ठीकरी भूखंड क्र. 102	श्रीमती दिलसाद पति असरफ खान निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख	
11	वार्ड क्र. 11 ग्रीन वेली कालोनी ठीकरी भूखंड क्र. 27	श्री आयान पिता गुलशेर खान निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख	
12	वार्ड क्र. 11 ग्रीन वेली कालोनी ठीकरी भूखंड क्र. 83,84,85	श्री असफाक पिता इसराईल खान निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख	
13	वार्ड क्र. 11 ग्रीन वेली कालोनी ठीकरी क्र. 52	श्री समीर पिता सरदार खान निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख	
14	वार्ड क्र. 02 गोपि विहार कालोनी ठीकरी भूखंड क्र. 03	श्री रमेश पिता ओंकारलाल पाटीदार निवासी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख	
15	वार्ड क्र. 04 बालाजी कालोनी ठीकरी भूखंड क्र. 60	श्री कमलेश पिता सखाराम निमंत्रे निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख	
16	वार्ड क्र. 04 बालाजी कालोनी ठीकरी भूखंड 73	श्री मुकेश पिता मंसाराम बर्डे निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख	
17	वार्ड क्र 01 विवेकानंद कालोनी से लगी हुई ठीकरी सर्वे नं. 29/5/1/1/1/1/1/1/1/1/1	श्रीमती निर्मला पति राजेश बडोले निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख एवं डायवर्सन कापी	
18	वार्ड क्र.04 बालाजी कालोनी ठीकरी भूखंड क्र. 73	श्री मुकेश पिता मंसाराम बर्डे निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	बिक्री विलेख	

क्र	वार्ड क्र.	निकाय मांग पंजी में दर्ज विवरण	निकाय की मांग पंजी अनुसार भवन/भूमि स्वामी का विवरण हस्तांतरणकर्ता का नाम	हस्तांतरिति का नाम	अभिलेखों का विवरण जिस आधार पर हकअंतरण किया जाना है	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7
19	वार्ड क्र. 01	निकाय के सम्पत्तिकर मांग पंजी रजिस्ट क्र.1 पृष्ठ क्र. 49 सरल क्रं. 111 अंकित है	श्री नूर मोहम्मद पिता अब्दुल शाह निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	श्री गहीमाराम पिता विलमन निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिला बड़वानी	हकअंतरण	
20	वार्ड क्रं. 05	तत्कालीन ग्राम पंचायत पिपरी के सम्पत्ति कर मांग पंजी क्र. 03 पृष्ठ क्र. 1217 अंकित है।	श्री सुरेश पिता यशवंत राव श्री निवासी ठीकरी तहसील ठीकरी जिला बड़वानी	श्रीमती शिवकन्या पति शेरू निवासी ठीकरी तहसील ठीकरी जिला ठीकरी	हकअंतरण	
21.	वार्ड क्र. 05	तत्कालीन ग्राम पंचायत पिपरी के सम्पत्तिकर मांग पंजी क्रं. 01 क्र. पृष्ठ क्र 21 सरल क्र. 171 अंकित है।	श्री लिमचंद पिता मोना वर्मा निवासी ठीकरी तहसील ठीकरी जिला बड़वानी	वेवावंशी बाईपति लिमचंद वर्मा निवासी ठीकरी तहसील ठीकरी जिला बड़वानी	सह-स्वामित्व रजिस्ट्री	
22.	वार्ड क्र. 05	तत्कालीन ग्राम पंचायत पिपरी के सम्पत्तिकर मांग पंजी क्रं. 01 क्र. पृष्ठ क्र 86 सरल क्र. 26 अंकित है।	श्री अर्जुन पिता दयाराम वर्मा निवासी ठीकरी तहसील ठीकरी जिला बड़वानी	श्रीमती भारती पति अर्जुन वर्मा निवासी ठीकरी तहसील ठीकरी जिला बड़वानी	सह-स्वामित्व रजिस्ट्री	
23.	वार्ड क्र. 05	तत्कालीन ग्राम पंचायत पिपरी के सम्पत्तिकर मांग पंजी क्रं. 01 क्र. पृष्ठ क्र 21 सरल क्र. 41-ए अंकित है।	श्री शहीद पिता अजीज खान निवासी ठीकरी तहसील ठीकरी जिला बड़वानी	श्रीमती सुफिया पति शहीद खान निवासी ठीकरी ठीकरी जिला बड़वानी	सह-स्वामित्व रजिस्ट्री	
24.	वार्ड क्र. 14	तत्कालीन ग्राम पंचायत पिपरी के सम्पत्तिकर मांग पंजी क्रं. 01 क्र. पृष्ठ क्र 26 सरल क्र. 522 अंकित है।	श्री टुटल्ला पिता सुकलाल निवासी ठीकरी तहसील ठीकरी जिला बड़वानी	श्रीमती सुभद्रा पति काशीराम मुन्ना पिता काशीराम निवासी ठीकरी तह. ठीकरी जिल बड़वानी	मृतक नामांतरण	

उक्त भवन / भूमि के संबंध में निकाय की संपत्तिकर मांग पंजी में भवन / भूमि दर्ज किये जाने हेतु किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो वे इस आपत्ति इतिहार सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, बाद सियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। सूचित हो ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद ठीकरी
जिला-जिला बड़वानी

(सुनिल गुप्ता)
सभापति सामान्य प्रशासन,
राजस्व वित्त एवं
लेखा विभाग

(दिग्विजयसिंह चौहान)
नगर परिषद ठीकरी

(श्रीमती पूजा पति सुमित जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर परिषद ठीकरी